वर्ष: 13 - अंक : 195, मुंबई, शनिवार, 16 सितंबर, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

मूल्य 1 रु.

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




# दिल्ली की फैशन डिजाइनर से मुंबई में बलात्कार



## बिजनेसमैन पर लगा आरोप, केस दर्ज

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** दिल्ली की 28 वर्षीय महिला फैशन डिजाइनर के साथ मुंबई में बलात्कार करने का मामले सामने आया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने अपने व्यवसायी मित्र पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। आरोप है कि व्यवसायी ने उसके साथ मुंबई में घर पर बलात्कार किया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीएस) की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। मुंबई पुलिस ने बताया कि महिला फैशन डिजाइनर की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# 1000 करोड़ का पोंजी स्कैम

## मुख्य आरोपी गुरतेज सिद्धू गिरफ्तार!



## गोविंदा से जल्द होगी पूछताछ

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** अभिनेता गोविंदा एक बार फिर विवादों में हैं। ओडिशा पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंसिस विंग डिपार्टमेंट 1000 करोड़ रुपये के पोंजी स्कैम मामले में जल्द ही गोविंदा से पूछताछ कर सकती है। सूत्रों की माने तो गोविंदा को जल्द ही इकोनॉमिक ऑफेंसिस विंग समन जारी कर सकती है और पूछताछ के लिए उन्हें ओडिशा बुलाया जा सकता है। अब सवाल ये है की आखिर इकोनॉमिक ऑफेंसिस विंग गोविंदा से क्या और क्यों पूछताछ करना चाहती है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### गोविंदा ने किया था एसटीए का प्रमोशन

एक रिपोर्ट के मुताबिक गोविंदा इस साल जुलाई में एसटीए के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गोवा गए थे। यह इवेंट एक लग्जरी होटल में किया गया था, जिसमें गोविंदा बतौर चीफ गेस्ट शामिल हुए थे। कार्यक्रम के अलावा गोविंदा ने कुछ वीडियोज के जरिए भी एसटीए का प्रमोशन किया था।

### मैनेजर बोले- सिर्फ कार्यक्रम में शामिल होने गए थे गोविंदा

मामले पर गोविंदा के मैनेजर शशि सिन्हा ने कहा कि एक्टर का इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। शशि बोले, गोविंदा एक एंजेसी के जरिए सिर्फ कंपनी के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे। इसके अलावा उनका इस पूरे मामले से कोई लेना-देना नहीं है। मीडिया में आधी-अधूरी खबरें पब्लिश हो रही हैं।



# 263 करोड़ रुपये के घोटाले में फंसी टीवी एक्ट्रेस कृति वर्मा

## खुद रह चुकी हैं टैक्स-ऑफिसर, ईडी की चार्जशीट में एक्ट्रेस के बॉयफ्रेंड का नाम भी शामिल

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 263 करोड़ रुपए के टीडीएस रिफंड घोटाले में चार्जशीट फाइल की। इस चार्जशीट में 14 लोगों का नाम दर्ज किया गया है। इस लिस्ट में टीवी एक्ट्रेस और बिग बॉस कंटेस्टेंट कृति वर्मा का नाम भी शामिल है। कृति पर आरोप है कि उन्होंने 263 करोड़ रुपए के टीडीएस घोटाले के पैसों से कई जगह जमीन खरीदी है। वहीं, पूर्व इनकम टैक्स इंस्पेक्टर तानाजी मंडल अधिकारी मुख्य आरोपी हैं। चार्जशीट में कृति के बॉयफ्रेंड रहे - भूषण पाटिल और राजेश शेट्टी का नाम भी शामिल है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# महाराष्ट्र में बढ़ रहा जीका का खतरा

## 78 और 75 साल के बुजुर्ग मिले पॉजिटिव




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** केरल में जानलेवा निपाह वायरस के बढ़ते कहर के बीच महाराष्ट्र में जीका वायरस ने खतरे की घंटी बजाई है। महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में जीका वायरस के दो मरीज मिले है। दोनों बुजुर्ग पुरुष संक्रमितों में जीका की पुष्टि हो गयी है। इसके बाद से क्षेत्र में खतरनाक वायरस को लेकर लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। हालांकि प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है और सभी जरुरी कदम उठा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, कोल्हापुर जिले के इचलकरंजी इलाके में जीका वायरस के दो मामले सामने आए हैं। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### जीका वायरस लक्षण

जीका वायरस एडीज मच्छर के काटने से फैलने वाली बीमारी है। सबसे पहले इसका मामला 1947 में युगांडा में सामने आया था। एडीज मच्छर के काटने से जीका वायरस इंसान के शरीर में प्रवेश करता है। इस बीमारी के 80 प्रतिशत मरीजों में कोई लक्षण नहीं होते हैं। जबकि अन्य संक्रमितों में बुखार, जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, सिरदर्द, लाल आँखें, उल्टी, शरीर पर लाल चिकत्ते पड़ना जैसे लक्षण दिखते है।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### मुट्ठी पूरी खुल गई?



**अभी तक लोगों का ध्यान इस पर ही लगा है कि क्या सरकार विशेष सत्र में कोई और बड़ा चौंकाने वाला कदम भी उठाएगी, इसलिए आशंका है कि निर्वाचन आयुक्तों से संबंधी विधेयक बिना पूरी सार्वजनिक जांच-पड़ताल के ही कानून का रूप ले ले।**

जैसे केंद्र सरकार ने 18 सितंबर से संसद का विशेष सत्र बुलाने का एलान कर सबको चौंकाया था, वैसे ही उसने बुधवार देर रात सत्र का एजेंडा जारी कर लोगों को अटकलें लगाने की मानसिकता में डाल है। इसलिए कि जो अधिसूचना जारी की गई, उसे इंडिकेटिव (सूचक) एजेंडा कहा गया है। यानी उसमें यह गुंजाइश छोड़ी दी गई है कि सरकार सत्र के पांच दिनों के दौरान कोई और भी चौंकाने वाला विधायी कदम उठा सकती है। वैसे जो एजेंडा बताया गया है, वह भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं है। उसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया बदलने संबंधी उस बिल को पारित कराना भी शामिल है, जिसे सरकार ने मानसून सत्र के आखिर में पेश किया था। यह बिल पास होने के बाद निर्वाचन आयुक्तों को नियुक्त करने वाली कमेटी में सरकार का बहुमत हो जाएगा, जबकि भारत के प्रधान न्यायाधीश उस कमेटी से बाहर हो जाएंगे। जैसाकि पहले ही बताया गया था, अगले मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति नवंबर में होनी है, जबकि संसद का अगला सामान्य सत्र दिसंबर में होता। उस स्थिति में सरकार की सारी गणना नाकाम हो सकती थी। लेकिन यह एक खतरनाक कदम है। इससे निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल और गहराएंगे। सरकार को यह सामान्य सिद्धांत ध्यान में रखना चाहिए कि निष्पक्षता ना सिर्फ बनी रहनी चाहिए, बल्कि ऐसा सबको दिखना भी चाहिए। चुनावों की विश्वसनीयता लोकतंत्र का सर्वोपरि महत्त्वपूर्ण पहलू है। अगर सरकार ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया बदल दी, तो अगले आयुक्त लगातार संदेह के घेरे में बने रहेंगे, भले वे असल में चुनावों को गलत ढंग से प्रभावित करने का कोई कार्य ना करें। निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता के साथ चुनावों की साख जुड़ी होती है। चूंकि अभी तक लोगों का ध्यान इस पर ही लगा है कि क्या सरकार कोई बड़ा चौंकाने वाला कदम भी उठाएगी, इसलिए आशंका है कि निर्वाचन आयुक्तों संबंधी विधेयक बिना पूरी सार्वजनिक जांच-पड़ताल के ही कानून का रूप ले ले। वैसे यह सवाल भी अहम है कि सरकार ने विशेष सत्र के बारे में पूरी मुट्ठी खोल दी है, या अभी उसमें कुछ छिपा रखा है?

# लीबिया पर प्रकृति का 9/11

**क्या** होता है जंग में पहले से बर्बाद मुल्क पर कुदरत की कहर का? संपूर्ण विनाश। जैसा कि अभी लीबिया के डेरना शहर के विनाश के फोटो से झलकता हुआ है! शुक्रवार को मोरक्को जहां धरती के कांपने की वजह से बर्बाद हुआ वहीं सप्ताहंत में लीबिया में आफत आसमान के रास्ते आई। तूफान डेनियल, जिसने भूमध्यसागर पार करने के पहले ग्रीस में विनाश की झलकी दिखाई वही जब वह डेरना शहर में पहुंचा तो उसने एक-चौथाई शहर को समंदर में डुबो दिया।



इन पंक्तियों के लिखे जाने तक 5,300 मौतों की पुष्टि हो चुकी है इस संख्या में अच्छी खासी बढ़ोत्तरी होने, यहां तक कि इसके दोगुना हो जाने तक की संभावना है। डेरना के मेयर अब्दुलमेनाम अल-घाईति ने सऊदी अरब के अल अरेबिया चैनल को बताया है कि शहर में हुई मौतों की संख्या 18,000 से 20,000 तक होने का अनुमान है। यह अनुमान बाढ़ में नष्ट होने वाले इलाकों के आधार पर लगाया गया है। सभी शवगृह पूरे भरे हुए हैं, लाशें खुले में पड़ी हैं और राहतकर्मियों ने और बॉडीबैग्स की मांग की है। इसे लीबिया का 9/11 कहा जा रहा है। लेकिन इस आपदा के लिए केवल प्रकृति को जिम्मेदार ठहराना ठीक नहीं है। यह राजनीति और राजनीतिज्ञों की विफलता है। सन 2011 में पश्चिम के समर्थन से हुए खूनी तख्तापलट में मुअम्मर अल-गद्दाफी को हटाए जाने के बाद देश पर मुख्यतः दो प्रतिद्वंदी गुटों का राज रहा है - एक का त्रिपोली से और दूसरे का तुबरूक से। दोनों को ही देश से बाहर की ताकतों के दो परस्पर विरोधी समूहों का समर्थन हासिल रहा। इनमें तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, मिस्त्र और रूस का वेगनर ग्रुप शामिल हैं। गद्दाफी के हटने के बाद से इन दोनों गुटों ने अपनी-अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। देश के पश्चिम में कार्यरत गर्वमेंट ऑफ नेशनल यूनिटी के मंत्री मिलिशिया द्वारा नियुक्त किए गए है। पूरब में लीबियन नेशनल आर्मी के निरंकुश प्रमुख जनरल खलीफा हफ्तार ने सत्ता पर पूरी तरह काबिज होने का जो अभियान चलाया, उसके अंतर्गत अधिकांश अधिकारियों की नियुक्ति हफ्तार और उनके सहयोगियों ने की। सन 2020 से इन दोनों 'सरकारों' के बीच जबरदस्त जंग चल रही है। इसमें न केवल निर्दोष नागरिक मारे गए हैं बल्कि इंफ्रास्ट्रक्चर भी या तो नष्ट हो गया है या जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है। डेरना शहर इस सबके केन्द्र में रहा है। इस्लामिक कट्टरपंथियों का केन्द्र माने जाने वाले इस शहर ने गद्दाफी की मौत के बाद से बहुत तबाही झेली। सन 2014 में शहर के कुछ हिस्सों पर आईएसआईएस का कब्जा हो गया था। मगर सन 2016 में हफ्तार ने उस पर दोबारा कब्जा कर लिया। हफ्तार को इस्लामिक कट्टरपंथियों से नफरत है और इसलिए उन्होंने ऐसे समूहों का जड़मूल से सफाया कर दिया। लेकिन इंफ्रास्ट्रक्चरमें किसी ने निवेश नहीं किया। जिन बांधों की वजह से यह अभूतपूर्व विनाश हुआ, उनका टूटना तय था। सन 1970 के दशक में युगोस्लाविया की एक कंपनी द्वारा बनाए इन बांधों की जर्जर स्थिति के बारे में सन 2022 में छपे एक लेख में चेताया गया था। यह हिसाब भी लगाया जा चुका था कि ये कितने पानी का झेल पाएंगे और वहां की भौगोलिक स्थिति के चलते अगर बाँध फूटे तो पानी बहकर कहां जा सकता है। लेकिन लापरवाही की कोई इंतेहा न थी। तूफान डेनियल जब डेरना शहर के नजदीक आया तो बताया जाता है कि मेयर ने जनरल खलीफा हफ्तार, जिनका पूर्वी लीबिया पर राज है, से शहर को खाली करने में मदद मांगी। लेकिन उनके अनुरोध को ठुकरा दिया गया। जब बांधों में पानी का स्तर बढ़ रहा था तब किसी से भी शहर छोड़ने को नहीं कहा गया। उपग्रह से ली गईं तबाही के पहले और बाद की तस्वीरों से पता चलता है कि कई भवन गायब हो गए हैं। पुल बह गए हैं। मतलब चाहे मकान हों या लोग झ्र सबको पानी निगल गया। विनाश इतना भयानक था कि समंदर से मानव शव बाहर निकल रहे हैं। इस बीच जो विदेशी लीबिया की मदद करना चाहते हैं उनके आगे बाधाएंहै। देश के एक इलाके में जारी किए गए वीजा दूसरे इलाके में वैध नहीं होंगे। कई सालों से जारी गृहयुद्ध के बाद कोई भी पक्के तौर पर यह बताने की स्थिति में नहीं है कि कितने लोगों को मदद की दरकार है। मरने वालों और लापता हुए लोगों की संख्या के सरकारी आंकड़े अनुमानों पर आधारित हैं। पूर्वी लीबिया के अन्य इलाकों में रहने वाले लोग डरे हुए हैं और सरकार ने उन्हें हिम्मत देने के लिए कुछ खास नहीं किया है। गत 12 सितंबर को हफ्तार के प्रवक्ता ने चेतावनी दी की बेनगाजी शहर के पास एक दूसरा बांध टूटने की कगार पर है। उसने शहर के निवासियों से शहर छोड़ने का अनुरोध किया। इसके कुछ ही घंटों बाद लोगों से कहा कि सब कुछ नियंत्रण में है।

ऐसी खबरें हैं कि डेरना की दुर्दशा अपनी आंखों से देखने के बाद भी हफ्तार का दिल नहीं पसीजा।लम्बे समय तक अक्षम नेतृत्व की वजह से एक दुष्ट देश और दुष्ट बन गया है। लीबिया के एक देश के रूप में दुनिया के नक्शे पर बने रहने की उम्मीद बहुत कम है। युद्ध तो नहीं मगर कुदरत का कहर उसे खत्म कर देगा। जलवायु संबंधी चेतावनी देने वालों का कहना है कि हालांकि भूमध्यससागरीय क्षेत्र में तूफान कम ही आएंगे लेकिन वे जब भी आएंगे भयानक होंगे। और यदि लीबिया जैसे देशों की ऐसी विकट राजनैतिक स्थिति होगी, तो उनके लिए अपना अस्तित्व बचाए रखना संभव नहीं होगा। **(कॉपीः अमरीश हरदेनिया)**

# महंगाई से राहत नहीं

**भारत में आम लोगों को महंगाई से कोई राहत नहीं मिलने जा रही है। और अब आई ताजा खबर ने इस मोर्चे पर चिंता और बढ़ा दी है। खबर यह है कि रूस ने भारत को रियायती दर पर उवर्रकों की बिक्री रोक दी है।**

अगर मुद्रास्फीति दर में बहुत मामूली गिरावट भी आ जाए, तो अखबारी सुर्खियां उसे इस रूप में पेश करती हैं, जैसे अब महंगाई में वास्तविक गिरावट आने लगी है। जबकि उसका असल मतलब यह होता है कि गुजरे महीने या तिमाही में महंगाई बढ़ने की दर कुछ धीमी रही। मसलन, अगस्त के आंकड़ों में बताया गया है कि इस महीने मुद्रास्फीति की दर 6.83 प्रतिशत रही, जबकि जुलाई में यह दर 7.44 फीसदी थी। इसका अर्थ यह हुआ कि महंगाई जुलाई की तुलना में 0.61 प्रतिशत कम दर से बढ़ी। क्या इसे महंगाई पर काबू पा लेना कहेंगे? अब जुलाई की खाद्य मुद्रास्फीति का आंकड़ा भी आया है, जिसके मुताबिक उस महीने खाद्य पदार्थों की कीमत लगभग दस प्रतिशत की दर से बढ़ी। जाहिर है, लोगों को महंगाई से कोई राहत नहीं मिल रही है। और अब आई ताजा खबर ने इस मोर्चे पर चिंता और बढ़ा दी है। खबर यह है कि रूस ने भारत को रियायती दर पर उवर्रकों की बिक्री रोक दी है। 2022 में रूसी कंपनियां भारत की सबसे बड़ी खाद सप्लायर बन गई थी। तब प्रतिबंधों के कारण रूसी खाद कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद बेचने में परेशानी हो रही थी। इससे बचने के लिए उन्होंने भारत को सस्ते दाम पर डी-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) बेचना शुरू किया। एक विदेशी समाचार एजेंसी की खबर के मुताबिक अब यह सस्ती सप्लाई बंद हो कर दी गई है। एजेंसी ने भारत सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी से इस सूचना की पुष्टि भी की है। डीएपी भारत में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली रासायनिक खाद है। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत ने रूस से 43.5 लाख टन रासायनिक खाद खरीदी। इनमें सबसे ज्यादा हिस्सेदारी डीएपी, यूरिया और एनपीके खाद की थी। सस्ती सप्लाई रुकने का सीधा असर खेती की लागत बढ़ने के रूप में सामने आएगा। उसका असर अनाज और अन्य खाद्य पदार्थों की महंगाई और बढ़ने के रूप में सामने आएगा। साफ है, महंगाई से अभी आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद नहीं है- अखबारी सुर्खियां चाहे आंकड़ों को जिस हद तक चासनी में लपेटें।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# कुत्ते के साथ व्यक्ति द्वारा किया गया अप्राकृतिक दुष्कर्म

## मुंब्रा पुलिस द्वारा किया गया मामला दर्ज, आरोपी की तलाश जारी

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** गत 7 सितंबर गुरुवार कौसा स्थित खड़ी मशीन से एक वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल किया गया जिसमें बताया गया एक व्यक्ति द्वारा कुत्ते के साथ रिक्शे में बैठकर अप्राकृतिक दुष्कर्म किया जा रहा है इस व्यक्ति के बारे में बताया जा रहा है कि वह उसी परिसर का रहने वाला है सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही पशु प्रेमी द्वारा इस मामले का पूरा संज्ञान लिया गया और उन्हीं के हस्तक्षेप के बाद 12 सितंबर मंगलवार को मुंब्रा पुलिस द्वारा उस व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है जिसकी तलाश की जा रही है इस मामले में महाराष्ट्र पशु प्रेमी के अध्यक्ष विजय रंगरा ने जानकारी देते हुए



बताया एक व्यक्ति जिसका नाम करीम बताया जा रहा है उस व्यक्ति द्वारा कुत्ते के साथ में अप्राकृतिक दुष्कर्म किया गया है जिसकी शिकायत मुंब्रा पुलिस में की गई है और उस व्यक्ति के विरुद्ध में भारतीय दंड संहिता की धारा 377 पशुता अधिनियम 1860 कलाम की धारा 11(1)(ए) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और तलाश की जा रही है जिसे बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा कल हम लोग कुत्ते को अस्पताल लेकर जाएंगे जहां पर उसकी जांच की जाएगी उन्होंने बताया अगर ऐसे व्यक्ति पर अंकुश नहीं लगाया गया तो वह समाज के लिए घातक बन सकते हैं आज जानवरों के साथ में दुष्कर्म कर रहे हैं कल हो सकता है बच्चों के साथ में भी इस तरह के हरकत करते हुए नजर आए ऐसी मानसिकता रखने वाले व्यक्ति पर प्रतिबंध लगाना अत्यंत आवश्यक है फिलहाल आरोपी करीम की तलाश मुंब्रा पुलिस द्वारा की जा रही है।

# नशेड़ी मनचले युवक की स्टंट बाजी ने मेडिकल छात्रा की टू व्हीलर एक्टिवा को मारी ठोकर

## छात्रा गंभीर रूप से घायल, मुंब्रा पुलिस द्वारा किया गया मामला दर्ज

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** नशेड़ी मनचले युवक की स्टंट बाजी के कारण कालसेकर कॉलेज में शिक्षा प्राप्त करने वाली छात्रा अपनी टू व्हीलर एक्टिवा के सात गंभीर रूप से घायल होने का मामला प्रकाश में आया है इस मामले में पीड़िता ईलहाम अजीज शरीफ वर्ष 20 रहवासी जैनबिया कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग नंबर 2 रूम नंबर 102 रॉयल गार्डन कौसा मुंब्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 11 सितंबर सोमवार दोपहर 12:30 बजे में मेरी एक्टिवा टू व्हीलर नंबर MHO4 KB 5077 लेकर कालसेकर कॉलेज से अपना एग्जाम देकर जा रही थी तभी मैं अपने दोस्तों के साथ जीएचसी हॉस्पिटल के पास




मुंब्रा जाने वाले रोड पर मौजूद चाय की कैंटीन पर खड़ी थी उस वक्त एक युवक टू व्हीलर बुलेट नंबर MHO4HV3939 तेज गति से चलाता हुआ मेरे सामने आया मैंने अपनी टू व्हीलर को लेकर एक किनारे खड़ी हो गई फिर भी उस सरफिरा युवक ने जानबूझकर उसने अपनी बुलेट को कट मारने की कोशिश की गई लेकिन उसका नियंत्रण खराब होने की वजह से उसकी बुलेट मेरे पैर पे और मेरी गाड़ी पर जोर से लगी जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गई उसके बाद मेरे दोस्तों ने मुझे जीएचसी अस्पताल में उपचार हेतु के लिए भर्ती कराया उसे युवक के बारे में जानकारी देते हुए बताया की बुलेट बाज युवक पूरी तरह से नशे की हालत में था वह युवक नशे की हालत में कह रहा था यह सड़क मेरे बाप की है और फिर वहां से फरार हो गया फिलहाल इस मामले में पीड़िता द्वारा दिए गए मुंब्रा पुलिस को बयान के आधार पर मुंब्रा पुलिस स्टेशन द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 279,337, और मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184,134 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है आगे इस मामले की छानबीन मुंब्रा पुलिस के हेड कांस्टेबल पवार द्वारा की जा रही है।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

### 1000 करोड़ का पोंजी स्कैम

गोविंदा ने पोंजी स्कैम करने वाली कंपनी का कुछ प्रमोशनल वीडियो में प्रचार किया था। इस स्कैम का मुख्य आरोपी फिलहाल इकोनॉमिक ऑफिसिस विंग की गिरफ्त में है। अधिकारियों ने बातचीत में बताया कि सोलर टेक्नो एलायंस ने अब तक कई देशों में क्रिप्टो निवेश के बहाने एक ऑनलाइन पोंजी स्कीम संचालित करती थी। इस घोटाले में अब तक दो लाख से अधिक लोग झांसे में आ गए थे। वहीं पूरे में 2 लाख लोगों से अधिक 1000 करोड़ रुपये की ठगी की गई है। इसी सिलसिले में बॉलीवुड एक्टर गोविंदा से पूछताछ की जाएगी। स्कैम का मुख्य आरोपी फिलहाल इकोनॉमिक ऑफिसिस विंग की गिरफ्त में है। सोलर टेक्नो एलायंस अब तक कई देशों सहित देश भर में क्रिप्टो निवेश के बहाने एक ऑनलाइन पोंजी स्कीम संचालित करती थी। इस घोटाले में अब तक दो लाख से अधिक लोग झांसे में आ गए थे। अनुमानित आंकडों के मुताबिक, 2 लाख लोगों से लगभग 1000 करोड़ रुपये की ठगी बताई जा रही है। उड़ीसा इकोनॉमिक ऑफिसिस विंग ने एसटीए क्रिप्टो टोकन' के भारत प्रमुख 40 वर्षीय गुरतेज सिंघ सिद्धू को श्रीगंगानगर राजस्थान से गिरफ्तार किया है। वह पंजाब के फरीदकोट का रहने वाला है। आरोपी सिद्धू गोवा, लोनावला, मुंबई, दिल्ली, फरीदकोट, भटिंडा, हनुमानगढ़ और श्री गंगानगर जैसी जगहों पर बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था।

### 263 करोड़ रुपये के घोटाले में फंसी टीवी एक्ट्रेस कृति वर्मा

ईडी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत साल 2007 से 2009 के बीच हुए फर्जीवाड़े की जांच कर रही है। अब तक हुई जांच के मुताबिक 14 लोगों ने मिलकर गैरकानूनी तौर पर निकाले गए इन पैसों को दूसरे लोगों के अकाउंट में ट्रांसफर किया। कृति ने बिग बॉस और एमटीवी रोडीज जैसी टीवी शोज से अपनी पहचान बनाई। इससे पहले कृति खुद भी टैक्स-ऑफिसर थीं। अब तक हुई जांच में सामने आया है कि कृति ने करीब 1.02 करोड़ में गुरुग्राम में एक प्रॉपर्टी खरीदे थी। इस प्रॉपर्टी को उन्होंने 1.18 करोड़ रुपए में बेच दिया। अब कृति के बैंक अकाउंट भी फ्रीज किए जा चुके हैं।

### दिल्ली की फैशन डिजाइनर से मुंबई में बलात्कार

अधिकारी ने कहा, आरोपी बिजनेसमैन के खिलाफ आईपीसी की धारा 376, 323 और 509 के तहत मामला दर्ज.किया है। हम आरोपी की तलाश कर रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक पीड़िता दिल्ली से मुंबई आई थी और आरोपी के साथ उसके घर पर रह रही थी। आरोपी ने इसका फायदा उठाया और कथित तौर पर उसके साथ बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने इस संबंध में बुधवार शाम खार पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करायी। अपनी शिकायत में महिला ने कहा कि वह पहली बार मुंबई आई थी। वह मुंबई घुमने के लिए पश्चिमी उपनगर खार इलाके में रहने वाले अपने व्यवसायी मित्र के घर पर ठहरी थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### महाराष्ट्र में बढ़ रहा जीका का खतरा

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि जीका संक्रमण के दोनों मामले नए नहीं है और यह पिछले पखवाड़े सामने आए थे। स्वास्थ्य निगरानी अधिकारी प्रताप सिंह सार्निकर ने कहा, एक मरीज 78 साल का है, जबकि दूसरा 75 साल का है। अच्छी बात यह है कि दोनों संक्रमण से ठीक हो गए हैं। इनमें से एक मरीज में बुखार, शरीर में दर्द और चकत्ते जैसे लक्षण दिखे थे। जिसके बाद जांच में जीका संक्रमण की पुष्टि हुई। उन्होंने कहा कि मरीज के सैंपल के साथ उसके संपर्क में आये कुछ और लोगों के सैंपल नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी (पुणे) भेजा गया था। जिसमें मरीज के संपर्क में आया एक अन्य व्यक्ति भी संक्रमित पाया गया।

# महाराष्ट्र : कुपोषण से पिछले तीन महीने में 2,403 बच्चों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पिछले तीन महीनें में कुपोषण से 2,403 बच्चों की मौत हुई है। इनमें आदिवासी इलाकों में कुपोषण से मरने वाले बच्चों की संख्या 730 है। यह जानकारी एकीकृत बाल विकास सेवा योजना ने दी है। मंगलवार को एकीकृत बाल विकास सेवा योजना ने आंकड़े जारी किए हैं। जानकारी के अनुसार पिछले तीन महीने में कुपोषण से शून्य से एक वर्ष तक के 661 बच्चों, एक से एक वर्ष तक के 172 बच्चों की मौत दर्ज की गई है। इसी तरह राज्य में 5 साल और शून्य से पांच साल तक के 179 बच्चों की मौत हो चुकी है। राज्यभर में 2,403 बच्चों की मौत हुई। इनमें से केवल आदिवासी इलाकों में 730 बच्चों की मौत हुई। जनवरी से मार्च 2023 के बीच आदिवासी इलाके में शून्य से एक और एक से पांच साल की उम्र के कुल 237 बच्चों की मौत हो गई थी। वर्ष 2022 के पहले दस महीनों में कोरोना महामारी के दौरान 10,285 बच्चों की मौत दर्ज की गई थी। इसी कालखंड में जनजातीय क्षेत्र में शून्य से एक आयु वर्ग में बच्चों की मौत का आंकड़ा 1,931 थी, जबकि 1 से 5 वर्ष के आयु वर्ग में 2,224 बच्चों की मौत दर्ज की गई थी। महाराष्ट्र एकीकृत बाल विकास योजना के अध्यक्ष डॉ. दीपक सावंत ने बताया कि कुपोषण रोकने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। आमतौर पर इस समय 80 प्रतिशत प्रसव प्रसूति अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में होती हैं। इस संख्या को 95 फीसदी तक ले जाना है। गर्भावस्था के दौरान देखभाल की कमी, अपर्याप्त दिनों की डिलीवरी जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य में मेलघाट, धारनी, चिखलदरा आदि इलाकों में कुपोषण की दर अधिक है, इन इलाकों पर ध्यान दिया जा रहा है।




# जन सेवा में अव्वल कानपुर कार्डियोलॉजी डायरेक्टर राकेश वर्मा को मिला एक और प्रशंसा पत्र

**मुंबई हलचल / सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, स्वास्थ्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और स्वास्थ्य सचिव रंजन कुमार ने आयोजित किए गए एक समारोह में द रियल सेवियर हीरो के रूप में अपनी सेवाओं की शुरूआत से लेकर आज तक 1 दिन का भी अवकाश नहीं लेने वाले देश के पहले हृदय रोग विशेषज्ञ कानपुर कार्डियोलॉजी के डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ राकेश कुमार वर्मा को सम्मानित किया। यूपी की चिकित्सा बिरादरी पर आधारित जागरण जेम्स सेवियर्स की ओर से कॉफी टेबल बुक के अनावरण के मौके पर स्वास्थ्य देखभाल, उत्कृष्ट सेवाओं, समाज और राष्ट्र निर्माण को उच्च स्तर पर पहुंचाने में शानदार योगदान और चिकित्सा क्षेत्र तथा मानव सेवा में योग्य भूमिका की जोरदार सराहना के साथ प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले सेवाओं के मामले में अभूतपूर्व और डायरेक्टर कानपुर कार्डियोलॉजी के रूप में भू तो ना भविष्यति की कहावत पर खरा उतरने वाले प्रोफेसर डॉक्टर राकेश कुमार वर्मा 12 पुरस्कार विजेताओं में से सरकारी संस्थान से यह नोबेल पत्र प्राप्त करने वाले एकमात्र पहले हैं। डायरेक्टर बनने के बाद कानपुर कार्डियोलॉजी और मरीजों के हित में व्यवस्थाएं और सुविधाएं उपलब्ध कराने के मामले में भी ऐतिहासिक रूप से देश स्तर पर अव्वल तथा सफल ऑपरेशन के जरिए सैकड़ों मरीजों की जान बचाने का भी रिकॉर्ड बनाने वाले डॉ राकेश कुमार वर्मा को इसके पहले भी देश और प्रदेश स्तर पर भी अनगिनत पुरस्कारों, सम्मानों और प्रशस्ति पत्रों से नवाजा जा चुका है।

# नेपाल के महामहीम प्रथम उप राष्ट्रपति ने दिल्ली में दुबे को शिक्षक श्री अवार्ड से किया सम्मानित

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**देवास, कांटाफोड़।** नगर कांटाफोड़ के नाम को रोशन करने वाले समर्पित एवं कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक मनोज दुबे को नेपाल के महामहिम प्रथम उपराष्ट्रपति परमानंद झा द्वारा 'शिक्षक श्री अवार्ड' से सम्मानित किया गया। देश की राज धानी दिल्ली के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के सी गेट पर स्थित दी इंडियन सोसायटी ऑफ इंटरनेशनल लॉ वी. के. कृष्णन मेनन भवन मै आयोजित एक गरिमामय समारोह मै यह अवार्ड दिया गया। इंडो- नेपाल समरसता आर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय शिक्षक सम्मेलन एवं विचार प्रेजेंटेशन मै यह पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेपाल के महामहिम प्रथम उपराष्ट्रपति परमानंद झा थे।इस कार्यक्रम मै स्वागत उदबोधन अंतर्राष्ट्रीय मंच के संयोजक महावीर प्रसाद टोरडी ने दिया, उन्होंने कार्यक्रम की रूप रेखा भी समझाई।



कार्यक्रम मै भारतीय संसद के प्रमुख सुरक्षा अधिकारी आईपीएस भुवन चंद्र, जोशी, इंडियन सोसायटी ऑफ इंटरनेशनल ला के उपाध्यक्ष जी. वी. राव, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीर्थ सिंह रावत, पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय, विश्व प्रसिद्ध वकील ए. पी. सिँह , एवं दिल्ली के अनेक गणमान्य अतिथि थे। प्रशस्ति पत्र, शील्ड, शाल, स्मृति चिन्ह, नेपाल देश की टोपी, आदि के द्वारा मनोज दुबे को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मै मनोज दुबे ने अपनी प्रसिद्ध कविता 'शिक्षक' का काव्य पाठ भी किया। 22 देशों के राष्ट्रीय ध्वज एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति मै दिए गए इस अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार को पाकर, मनोज दुबे ने इस पुरस्कार को अपने स्कूल शा. उ. मा. वि. सतवास के बेटे बेटियों को समर्पित कर दिया । इसके पूर्व भी इन्हे कई पुरस्कार प्राप्त हो चुके है। यहाँ यह उल्लेखनीय है की मनोज दुबे सतवास के स्वच्छता ब्रांड ऐम्बेसेडर है और फिल्म रायटर ऐसोसिशन मुंबई के सदस्य भी है। इस उपलब्धि पर सम्पूर्ण अंचल मै हर्ष व्याप्त है।




# बागली मंडल के सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिलकर सौंपा ज्ञापन

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**बागली।** बागली जिला बनाओ अभियान का 37वां दिन इसके बावजूद किसी भी बड़े नेता का कोई भी संतोष जनक कार्य, एवं आश्वासन बागली को जिला बनाए जाने को लेकर नहीं मिल पाया है। लगातार धरना प्रदर्शन की उपेक्षा पार्टी नेताओं द्वारा किए जाने से बागली जिला बनाओ अभियान समिति का सब्र का बांध टूटता नजर आ रहा है। आज भाजपा कार्यकर्ताओं की मीटिंग बागली स्थित विश्रामगृह में आयोजित की गई थी। जिसमें बागली मंडल के उपस्थित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाम पार्टी संगठन को ज्ञापन सोपा जिसमे स्पष्ट रूप से विवरण देते हुए कहा गया है, कि बागली को आचार संहिता का पहले जिला घोषित नहीं किया जाता है। तो बागली मंडल के सैकड़ो भाजपा



कार्यकर्ता भाजपा का चुनावी कार्य नहीं करेंगे। बागली के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री प्रवीण चौधरी द्वारा अपनी अभिव्यक्ति का इस्तेमाल करते हुए बड़े ही प्रभावशाली एवं साहसिक ढंग से अपनी बात को उपस्थित भाजपा नेताओं के समक्ष रखा गया। आयोजित भाजपा कार्यकर्ता मीटिंग के अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक पहाड़ सिंह कन्नौजे, मंडल अध्यक्ष टिकेन्द्र प्रताप सिंह, राम सोनी सहित क्षेत्र के कई नेता शामिल हुए। इस दौरान बागली मंडल के सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जिसमें मुकेश गुप्ता, शिवाजी यादव, कमल जायसवाल, सोमेश, उपाध्याय, पवन राठौर, अधिवक्ता चंदन नटेरिया आदि कार्यकर्ताओं ने बागली को जिला घोषित किए जाने एवं आगामी चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा चुनावी कार्य में हिस्सा नहीं लेने के आशय से ज्ञापन सोपा।

# उमरा यात्रा करने पवित्र स्थान मक्का-मदीना रवाना हुए माँ और बेटा

**मुंबई हलचल / सैय्यद अलताफ हुसैन**

**राजसमंद।** उदयपुर अशरफ कॉलोनी क्षेत्र से शबनम एवम बेटा जीशान 22 दिवसीय उमरा यात्रा करने मक्का मदीना (सऊदी अरब) के लिए रवाना हुए जिसे परिजनों, रिश्तेदारो एवं मोहल्लेवासियों ने माला पहनाकर रुखसत किया। उदयपुर निवासी शबनम बानू और इनके पुत्र जीशान, मुकद्दस उमरा यात्रा करने मक्का मदीना सय्यद टूर एंव ट्रावेल्स के साथ रवाना हुए जिसे परिवारजनों, रिश्तेदारों एवं मोहल्लेवासियों ने गुलपोशी कर अहमदाबाद के लिए रवाना किया। वे अहमदाबाद से हवाई जहाज से सऊदीअरब के लिए रवाना होंगे। उमरा यात्री का जाफर खान फौजदार,ईस्माइल खान पठान, शराफत हुसैन फौजदार,इरशाद खान



पठान,सय्यद अशरफ अली,शमीम खान सय्यद,सदाकत खान,इरफान हुसैन,सय्यद प्पन अली,सय्यद चाँद अली,फिरोज हुसैन शैख, सरफराज खान,सय्यद डिस्क अली,मोनू,सय्यद चाँद,शानू,सारीना सहित कई लोगो ने उन्हें माला पहनाकर रवाना किया।

# 'सूचना आयोग पर भारी निगम आयुक्त की हठधर्मिता अब 12 अक्टूबर 23 को कोर्ट में होना होगा पेश'

**मुंबई हलचल / सैय्यद अलताफ हुसैन**

**बीकानेर।** राज्य सूचना आयोग के नोटिस के बाद भी नहीं मिलीं सूचना आरटीआई एवं सामाजिक कार्यकर्ता एन डी कादरी ने बताया कि लोक सूचना अधिकारी नगर निगम से भ्रष्टाचार, अनियमितता, को उजागर करने के लिए जनहित में जरूरी सूचना 27.4.2023 को मांगी गई थी, जिसके नहीं मिलने पर नियमानुसार महापौर महोदय बीकानेर से 29.05.2023 को प्रथम अपील कर सूचना उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया गया था। इसके बाद भी सूचना नहीं उपलब्ध नहीं कराई गई न ही धारा 7 (1) के नियमों की पालना करते हुए सुनवाई के लिए बुलवाना उचित समझा और कोई निर्णय भी नहीं लिया। तत्पश्चात समय अवधि बीत जाने के बाद अपीलार्थी एन डी कादरी ने परेशान होकर राज्य सूचना आयोग जयपुर के समझ द्वितीय अपील कि थी पर कार्रवाई करते हुए राज्य सूचना आयोग जयपुर ने नोटिस आरआईसी बीका / ए/ 2023/108372 दिनांक - 24.07.2023 जारी कर 21 दिवस में सूचना अपीलार्थी नूरानी मस्जिद निवासी एन डी कादरी को रजिस्टर्ड डाक से भेजवाने को कहा था, लेकिन निगम आयुक्त बीकानेर अपनी हठधर्मिता के कारण सूचना उपलब्ध नहीं करवाई। इस आशय की अपीलार्थी एन डी कादरी ने राज्य सूचना आयोग को पत्र के माध्यम आवेदन किया है कि नगर निगम बीकानेर की आदत सी बन गई है कि सूचना उस वक्त तक नहीं देना जब-तक राज्य सूचना आयोग के दो नोटिस प्राप्त नहीं हो जाते। ऐसे में लगभग एक से डेढ़ साल का समय निकल जाता है और सूचना मांगने का उद्देश्य नहीं रह जाता ऐसे में धारा 20 (1) के अंतर्गत देरी सूचना देने के लिए दंडित किया जाना चाहिए। ताकि यहां के भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए आरटीआई के अंतर्गत मांगी गई सूचना समय पर मिल सकें। आयोग के नोटिस अनुसार अब लोक सूचना अधिकारी आयुक्त नगर निगम को 12.10.2023 को ग्यारह बजे राज्य सूचना आयोग के कोर्ट संख्या चार में पेश होना होगा । आयोग ने अवगत करवाया है कि सूचना प्रदान करने में विलम्ब के लिए सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 20 अंतर्गत दंडित किया जा सकता है।




दैनिक मुंबई हलचल
जरूरी सूचना
पाठकों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सुचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह नीचे दिये गये दै. मुंबई हलचल कार्यालय नंबर पर संपर्क करें. साथ ही आप अपने क्षेत्र के समस्याओं की समाचार व वीडियों हमें भेज सकते हैं.
धन्यवाद... संपादक
9821238815

# राजकीय महाविद्यालय जाटोली-हैलीमंडी में धूमधाम से मनाया गया हिंदी दिवस

**मुंबई हलचल / सुरेश कोहली**

**पटौदी।** कस्बे के जाटोली -हैली मंडी राजकीय महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा 1 सितंबर -15 सितंबर दिवस मनाया गया। जानकारी के अनुसार कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अशोक कुमार वर्मा के सानिध्य में हिंदी विभाग की अध्यक्षता डॉ. आशुतोष के नेतृत्व में 12 सितंबर को दोहा वाचक में 18 छात्रों ने भाग लिया। जिसमे ईशा बीए द्वितीय वर्ष ने प्रथम, ऋतु बीए द्वितीय ने दूसरा,तानिया बीए द्वितीय ने तीसरा स्थान हासिल किया। दोहावाचन में कुमकुम तृतीय ने प्रथम, मिली तंवर ने द्वितीय, जीवांशी, भूमिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज में आज हिंदी दिवस पर निबंध लेखन का भी आयोजन किया गया जिसमें एमए की छात्रा पारुल ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी कड़ी में सुमन बीए प्रथम वर्ष ने द्वितीय, छात्रा राखी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में डॉ. आशुतोष, डॉ. हेमलता, डॉ. सरिता शामिल रही। कॉलेज प्राचार्य ने कहा की हमें हिंदी भाषा बोलने और लिखने में गर्व की अनुभूति करनी चाहिए।




# अपनी मांगों को लेकर आशा वर्कर हड़ताल पर

**मुंबई हलचल / सुरेश कोहली**

**पटौदी।** प्रदेश में कोरोना महामारी के दौरान जान जोखिम में डालकर ड्यूटी करने वाली आशा वर्कर अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुधीर चौधरी ने वीरवार को आशा कार्यकर्ताओं की हडताल में शामिल होकर उनकी मांगों का समर्थन किया जिसमे कांग्रेस युवा नेता धर्मेंद्र मिश्रा भी उनके साथ उपस्थित रहे। अपने संबोधन में सुधीर चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में कर्मचारी, मजदूर, दलित, किसान, व्यापारी सभी वर्ग परेशान है। ये बड़े शर्म की बात है कि कोरोना महामारी के दौरान सरकार जिन्हें कोरोना योद्धा बता रही थी आज उनकी बात तक सुनने के लिए सरकार के पास समय नहीं है। उन्होंने सरकार से आशा कार्यकर्ताओं की मांगों पर गंभीरता से विचार करने के बात कही। कांग्रेस नेता ने कहा कि आशा कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से हड़ताल पर है। इससे स्वास्थ्य सम्बंधित कार्य प्रभावित हो रहा है, लेकिन हमेशा चुनावी मोड में रहने वाली भाजपा सरकार चुनावी तैयारी में व्यस्त है, उसे प्रदेश हालातों से कुछ लेना देना नहीं है। यहां कोई रोजगार की बात करें तो मुख्यमंत्री उन्हें चंद्रयान के साथ भेजने की बात



करते है। कोई भ्रष्टाचार उजागर करें तो उस पर सरकार को बदनाम करने का आरोप लगाकर जेल भेजने की बात करते है। ये भाजपा के नेतृत्व वाली प्रदेश की मनोहर सरकार के अहंकार का प्रत्यक्ष उदाहरण है। सुधीर चौधरी ने विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी जायज हक और सम्मान के लिए आशा कार्यकर्ताओं के साथ खडी है। अब भाजपा सरकार चंद दिनों की मेहमान है। यदि भाजपा सरकार मांगों को पूरा नहीं करती तो कांग्रेस की सरकार आने पर आशा कार्यकताओं की सभी मांगों को पूरा किया। जाएगा। बता दें कि आशा कार्यकर्ता सरकार से मानदेय में बढ़ोतरी, नियमित करने, ईएसआई, पीएफ के साथ सेवानिवृति लाभ जैसी सामाजिक सुरक्षा का लाभ, अनुभव व योग्यता के आधार पर पदोन्नती, सब सेंटर पर आशा कार्यकर्ताओं को बैठने व सामान रखने का स्थान तथा जिस गांव में सब सेंटर नहीं है वहां आशा सेंटर खोलने, 8 एक्टिविटी के काटे गए 50 प्रतिशत को वापिस करने, मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 7 हजार रुपए तुरंत जारी करने, पीएचसी की बैठक और मरीज के साथ जाने के लिए किराया भत्ता, सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाकर 65 वर्ष करने, आशा फैसिलिटेटर की विजिट प्रोत्साहन राशि में बढोतरी करने, वर्दी के लिए दो हजार रुपए वार्षिक राशि देने आदि की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से हड़ताल पर है।

उत्तराखंड हलचल

# नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक रेखा यादव (आईपीएस) ने संभाली जनपद चमोली की कमान

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**चमोली।** आमजन के बेहतर सहयोग से अपराध व अपराधियों तथा नशे पर पूर्ण रुप से अंकुश लगाया जाएगा। पीड़ित व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुन कर, उसे शीघ्र न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता रहेगी आज दिनांक 15.09.2023 को जिले की नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक रेखा यादव (आईपीएस) द्वारा पुलिस कार्यालय में गार्द सलामी लेने के पश्चात पुलिस अधीक्षक चमोली का कार्यभार ग्रहण किया गया। पुलिस अधीक्षक चमोली वर्ष 2019 बैच की कड़र अधिकारी है तथा इससे पूर्व एसपी क्राइम/ट्रैफिक हरिद्वार के पद पर नियुक्त रह चुकी हैं। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस उपाधीक्षक चमोली, पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन/यातायात व समस्त थाना प्रभारी/शाखा प्रभारियों के साथ पुलिस कार्यालय में गोष्ठी की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम जनपद के समस्त अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर जनपद भौगोलिक स्थिति एवं जनपद के पुलिस क्षेत्र और राजस्व क्षेत्र के सम्बन्ध में चर्चा करने के साथ



जिले के सभी पहलुओं पर गहनता से विचारझ विमर्श किया गया तथा जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना तथा आमजन की जान तथा माल की सुरक्षा करना ही पुलिस की पहली प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पीड़ित व्यक्ति की फरियाद को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई कर उसे शीघ्र अति शीघ्र न्याय दिलवाया जाएगा। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए है कि थानों में आने वाले पीडितों लोगो से नम्रतापूर्व व्यवहार करें और और उन्हें शीघ्र न्याय दिलवाने का प्रयास करें ताकि आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा हो और समाज में पुलिस की एक बेहतर छवि नजर आए। आमजन के साथ समय-समय पर बैठक कर उनका सहयोग लिया जाएगा और आपराधिक गतिविधियों तथा नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अपराध व अपराधियों तथा गैर कानूनी धंधा करने वालों की खोज -खबर लेकर उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नही जाएगा। इसके अलावा यातायात व्यवस्था, नशीले पदार्थ की अवैध बिक्री, अवैध कारोबार आदि को हल करने के लिए भी उचित कदम उठाएं जाएगें। इसके उपरांत द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त कार्यालयों/शाखाओं का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई का जायजा लिया गया। इस दौरान द्वारा कार्यालय/शाखाओं में नियुक्त कर्म0गणों से उनके कार्यो की जानकारी प्राप्त कर कार्यालय में आने वाले आगन्तुकों के साथ सौम्यपूर्ण व्यवहार कर उनकी हरसंभव सहायता करने और कार्यालय/परिसर की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# थाना गंगोलीहाट पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़, लोकेश्वर सिंह के आदेशानुसार, वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में आज दिनांक- 15.09.2023 को थाना गंगोलीहाट पुलिस टीम अपर उ0नि0 खीम राम, हे0 का0 मनोज कुमार* द्वारा माननीय न्यायालय



से एम0वी0 एक्ट* के अन्तर्गत जारी गैर जमानतीय वारण्ट के अनुपाल में वारण्टी अभियुक्त, मयूर कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी ग्राम पतारवाड़ा गंगोलीहाट को कस्बा गंगोलीहाट से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा ।*

# सीएम ने 17 व्यक्तियों और संस्थाओं को एसडीजी एचीवर अवॉर्ड से सम्मानित किया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में 17 व्यक्तियों और संस्थाओं को एसडीजी एचीवर अवॉर्ड से सम्मानित किया, जिसमें 12 संस्थाओं एवं 05 लोगों को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए जनपदों में प्रतियोगिता की भावना के दृष्टिगत इस वर्ष से 'एस.डी.जी. एचीवर ट्रॉफी' प्रदान की जायेगी, जिसमें सभी 13 जनपदों के विजेता एवं उपविजेता घोषित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि एस.डी.जी. को पंचायत स्तर तक क्रियान्वित करने के लिए 2030 तक 17-23 सितम्बर तक एस.डी. जी सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा। जिसमें सभी विकासखण्डों, पंचायतों विद्यालयों, जनपदों एवं राज्य स्तर



पर कार्यशालाएं, जन जागरूकता कार्यक्रम, वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के लक्ष्य को हासिल करने के लिये सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करने होंगे। आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड बनाने के लिए सबको समन्वित प्रयास करने होंगे। बहुत सी संस्थाएं और व्यक्ति सामाजिक, आर्थिक व पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिये हम सभी को मिलकर आगे बढ़ना है। इकोलॉजी और इकोनोमी में संतुलन बनाकर विकास जरूरी है। उन्होंने एसडीजी इंडेक्स में उत्तराखण्ड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए और प्रयासों की भी जरूरत बताई। मुख्यमंत्री ने सम्मानित होने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि इससे अन्य लोग और संस्थाएं भी प्रेरित होंगी। उन्होंने कहा कि समाज और देश के लिये काम करने वाले व्यक्तियों से मिलकर वे स्वयं प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री जी द्वारा दिए गए मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को मूल में रखकर लक्ष्य प्राप्ति के पथ पर अग्रसर है। हम प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व मुख्य सचिव एवं ज्यूरी के अध्यक्ष एन रविशंकर, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, यूएनडीपी की प्रतिनिधि इसाबेल सचान, सीपीपीजीजी के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. मनोज कुमार पंत उपस्थित थे।

## एसबीआई पॉलिसी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले अभियुक्त को पौड़ी पुलिस ने पहुँचाया सलाखों के पीछे

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पौड़ी।** लाखों की धोखाधड़ी करने वाले अभियुक्त को पौड़ी पुलिस ने किया बुलन्दशहर से गिरफ्तार। ऑपरेशन प्रहार के तहत धोखाधड़ी करने वाले अभियुक्तों के विरूद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देशन में पौड़ी पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी।दिनांक 31.01.2023 को वादिनी प्रीति धस्माना निवासी शिवपुर,कोटद्वार,जनपद पौड़ी गढ़वाल ने थाना कोटद्वार पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा अलग-अलग मोबाइल नम्बरों से भारतीय वित्त विभाग के नाम पर कॉल कर एसबीआई की पॉलिसी कराने के नाम पर रू0 1,84,000/- की धोखाधड़ी की है। प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली कोटद्वार पर मु0अ0स0- 33/2023, धारा-420 भादवि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे द्वारा आम जनमानस के साथ हो रही धोखाधड़ी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुये अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी कर घटना का अनावरण करने हेतु टीम गठित करने हेतु निर्देशित किया गया। निर्गत निर्देशों के क्रम में जया बलोनी अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार के निर्देशन, विभव सैनी क्षेत्राधिकारी कोटद्वार मनिभूषण श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास एवं ठोस सुरागरसी-पतारसी कर सर्विलान्स की मदद से दिनॉंक 14.09.2023 को बुलन्दशहर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## लंबे समय से फरार वारंटी को थाना भीमताल पुलिस किया गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**नैनीताल।** लंबे समय से फरार वारंटियों की धरपकड़ हेतु एसएसपी नैनीताल के दिशा-निर्देशन में जनपद नैनीताल स्तर पर अभियान प्रचलित है। इसी क्रम में वीरेंद्र सिंह बिष्ट थानाध्यक्ष भीमताल के नेतृत्व में थाना भीमताल पुलिस द्वारा फौजदारी वाद संख्या- 1876/2020 धारा 138 एन आई एक्ट* में माननीय न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट के अनुपालन में लंबे समय से फरार वारंटी शेखर पांडे, पुत्र आनंद बल्लभ पांडे निवासी-अमृतपुर भीमताल जिला नैनीताल को दबिश देकर गिरफ्तार कर मा. न्यायालय के समझ प्रस्तुत किया गया।

## अवैध शराब तस्करों पर पिथौरागढ़ पुलिस का कड़ा प्रहार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** पिकप में 09 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब परिवहन कर रहे 02 लोगों को कोतवाली पिथौरागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर, वाहन किया सीज। पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़, लोकेश्वर सिंह के आदेशानुसार, क्षेत्राधिकारी पिथौरागढ़ नरेन्द्र पन्त, क्षेत्राधिकारी धारचुला परवेज अली, के पर्यवेक्षण में जनपद क्षेत्रान्तर्गत नशे की प्रवृत्ति पर पूर्ण रुप से अंकुश लगाने हेतु अवैध मादक पदार्थो की बिक्री/तस्करी करने वालों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए कड़ी वैधानिक कार्यवाही किये जाने के क्रम में आज दिनांक 15.09.2023 को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पिथौरागढ़ चंचल सिंह* के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थरकोट वाली रोड में फगाली गांव के पास चैकिंग के दौरान एक पिकप संख्या- UK05CA- 2024*



को रोककर चैक किया गया, जिसमें 02 लोगों क्रमशः 01- सूरज जोशी पुत्र कैलाश चन्द्र जोशी निवासी धारी धमौड़ कोतवाली पिथौरागढ़ 02- सतीश चन्द्र जोशी उर्फ सूरज पुत्र पूरन चन्द्र जोशी निवासी फगाली पिथौरागढ़ के कब्जे से कुल- 09 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब* बरामद हुई। पुलिस टीम द्वारा दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कोतवाली पिथौरागढ़ में धारा- 60/72 आबकारी अधि0* के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त पिकप वाहन को भी सीज किया गया।

# आयरन के लिए टॉनिक नहीं खाएं ये आहार, 2 दिनों में दिखेगा फर्क



**आयरन की कमी :** सेहतमंद रहने के लिए हमारे शरीर को कई पोषक तत्वों की जरुरत होती है। आयरन इनमें से एक महत्वपूर्ण तत्व है। यह हमारे पूरे शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है। शरीर में आयरन की पर्याप्त मात्रा होने पर सारी कोशिकाएं उर्जा से भरपूर होती है और इसकी कमी होने पर थकावट, भूख न लगना, रंग पीला पड़ना, सांस की तकलीफ, सिरदर्द, चिड़चिड़ापन, चक्कर आना या एनीमिया जैसी बीमारियां हो सकती है। इसकी पूर्ति हरी सब्जियों के सेवन से की जा सकती है। कुछ सब्जियां ऐसी हैं जिसमें नॉनवेज से भी ज्यादा आयरन और विटामिन मौजूद हैं। आइए कुछ ऐसी सब्जियों के बारे में जानते हैं जो आयरन से भरपूर होती है।

### हरी पत्तेदार सब्जियां

पालक, चुकंदर ,सरसों का साग, मेथी, सोयाबीन्स, शलगम और ब्रोकली आदि सब्जियों में आयरन सबसे ज्यादा होता है। 100 ग्राम पालक में रेड मीट से 1.1 ग्राम ज्यादा आयरन होता है पालक के इस्तेमाल से शरीर में आयरन की कमी कभी नही हो सकती।

आलू - आलू में लौह, फाइबर, विटामिन सी, बी6 और पोटाशियम की बड़ी मात्रा होती है। अपने भोजन में आलू शामिल करें।


मशरूम - मशरूम में भी आयरन पाया जाता है लेकिन हर तरह की मशरूम में ही यह उपलब्ध नहीं होता। ऑयस्टर मशरूम में दो गुना ज्यादा लौह तत्व होते हैं, जबकि पोटोबेंलो और शीटकेक मशरूम में आयरन कम होता है।

टमाटर - टमाटर में आयरन और विटामिन सी होती है जो शरीर के लिए जरुरी होती है। कच्चे टमाटर में आयरन की मात्रा बहुत कम होती है हालांकि पक्के लाल टमाटर शरीर को अधिक मात्रा में आयरन प्रदान करते हैं। सलाद में टमाटर खाना फायदेमंद होता है।

# नेचुरल ब्यूटी के लिए एक बार जरूर अपनाएं ये तरीके

## फेस पैक फॉर ग्लोइंग स्किन

चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए आजकल लड़कियां पार्लर में जाकर महंगे से महंगे ब्यूटी ट्रीटमेंट करवाती हैं। इस ट्रीटमेंट के जरिए ब्यूटी की प्रॉब्लमस से छुटकारा पाया जा सकता है लेकिन कई बार तो कैमिकल युक्त प्रॉडक्ट्स की वजह से एलर्जी भी हो जाती है। झाइंया, डार्क स्किन, डेड सैल आदि जैसी छोटी-मोटी परेशानियों से राहत पाने के लिए आप कुछ घरेलू तरीके अपना सकते हैं।



**1. झाइंया हटाएं**
अदरक, तुलसी और पुदीने की पत्तियों के पेस्ट में नींबू का रस मिलाकर फेस पैक लगाएं।

**2. स्किन ब्राइटनिंग मास्क**
बादाम और पपीते के पेस्ट में हल्दी मिलाकर चेहरे पर लगाएं।

**3. बैस्ट फेस क्लींजर**
पपीते के सूखे छिलकों का पाउडर और ग्लिसरीन मिक्स करके इससे स्क्रबिंग करें।

**4. सॉफ्ट स्किन**
मुल्तानी मिट्टी, जैतून का तेल और गुलाबजल का पैक फेस पर अप्लाई करें।

**5. डार्क सर्कल की छुट्टी**
बादाम का तेल, शहद,खीरे और आलू का रस मिलाकर आंखों के नीचे लगाएं।



# खाली पेट एक्ससरसाइज करना गलत है या सही

फिट रहने के लिए एक्ससाइज करना बहुत जरुरी है। बहुत से लोग ये नहीं जानते कि खाली पेट एक्ससाइज आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक है या फायदेमंद। हालांकि इसके नतीजें उम्र के हिसाब से आ सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्टस भी इस मामलें में अलग-अलग राय देते हैं। लेकिन यूके में हुए एक शोध ने खाली पेट एक्ससाइज करने को सही बताया है क्योंकि इससे ज्यादा फैट बर्न होता है। आइए जानते है कि खाली पेट एक्ससाइज करना हमारी सेहत के लिए सही है या नहीं।

### बच्चें और बूढें न करे खाली पेट एक्ससाइज

एक्ससाइज करना हर उम्र में फायदेमंद होता है। लेकिन 15 साल से कम उम्र के बच्चों या 55 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए खाली पेट एक्ससाइज करना नुकसानदायक हो सकता है क्योंकि उनका शरीर कमजोर होता है। इसलिए बच्चों और बूढ़ों को एक्ससाइज करने से एक घंटा पहले हल्का नाश्ता कर लेना चाहिए।

### जल्दी वजन घटाना है तो सही है खाली पेट एक्ससाइज

यदि आप अपना मोटापा कम करना चाहते है तो आपके लिए खाली पेट एक्ससाइज सही है। भोजन में ली गई एक्स्ट्रा कैलोरीज हमारे शरीर में फैट बनाती है। जब हम खाली पेट एक्ससाइज करते है तो फैट तेजी से बर्न होती है इसलिए आपका वजन तेजी से घटने लगता है। इससे मोटापा तेजी से कम होता है।

### खाली पेट एक्ससाइज डायबिटीज पर रखे कंट्रोल

डायबिटीज आजकल एक आम समस्या है। जब शरीर में इंसुलिन कम बनते है तो डायबिटीज हो जाती है। खाली पेट एक्ससाइज करने से ये खास हार्मोन शरीर में ज्यादा मात्रा में बनने लगते है, जिससे डायबिटीज कंट्रोल में रहता है।

### एक्ससाइज का सही समय और खान-पान

कुछ भी खाने के तुरंत बाद एक्ससाइज करना खतरनाक हो सकता है इसलिए एक्ससाइज करते समय इन बातों का ध्यान रखें।

# इन 10 संकेतों से जानें कि आप हैं डायबिटीज की शिकार

**डायबिटीज की समस्या :** डायबिटीज एक गंभीर बीमारी है, जोकि साइलेंट किलर की तरह अटैक करती है। यह समस्या पुरूषों से ज्यादा महिलाओं में देखने को मिलती है। पहले यह बीमारी 40 की उम्र के बाद होती है लेकिन आजकल महिलाएं किसी भी उम्र में इसका शिकार हो रही हैं। महिलाओं में डायबिटीज के लक्षण पुरूषों से अलग होते हैं। ऐसे में तेजी से फैल रही इस बीमारी के बारे में महिलाओं को पूरी जानकारी होना बहुत जरूरी है। आइए जानते हैं महिलाएं क्यों हो रही हैं डायबिटीज की शिकार और क्या हैं इसके लक्षण।

## महिलाएं क्यों हो रही हैं डायबिटीज की शिकार

यह समस्या पुरूषों से ज्यादा महिलाओं में देखने को मिलती है, जिसका कारण हार्मोन असंतुलन के साथ शरीर में पोषक तत्वों की कमी है। इसके अलावा समय के साथ-साथ महिलाओं के शरीर में पुरषों की अपेक्षा ज्यादा तेज और जल्दी बदलाव होते हैं इसलिए डायबिटीज का खतरा महिलाओं को ज्यादा होता है, खासकर उन महिलाओं को जिनका वजन ज्यादा हो। वहीं, शरीर में विटामिन डी की कमी के कारण भी महिलाएं आसानी से डायबिटीज की चपेट में आ जाती हैं।

### महिलाओं में डायबिटीज के लक्षण

**1. अधिक प्यास लगना**
बार-बार प्यास लगना या यूरिन आना भी डायबिटीज का संकेत हैं। दरअसल, खून में शुगर की मात्रा ज्यादा होने के कारण वह यूरिन के रास्ते बाहर निकलता है, जिससे आपको बार-बार पेशाब आना और प्यास लगने की समस्या हो सकती है।

**2. वैजाइनल इंफेक्शन**
वैजाइनल इंफेक्शन या गुप्तांगों के पास छालों की समस्या होने पर उसे अनदेखा न करें क्योंकि ऐसा डायबिटीज के कारण भी हो सकता है। इसके कारण योनि के आसपास खुजली, लालिमा, अनियमित योनि स्त्राव, दुर्गंध या यूरीन के समय दर्द या जलन जैसे लक्षण भी दिखाई देते हैं। हालांकि ऐसा तंग कपड़े, किसी प्रकार की क्रीम या सफाई का ध्यान न रखने के कारण भी हो सकता है।

**3. सिरदर्द होना**
अगर आपको भी 3-4 हफ्तों से लगातार बेवजह सिरदर्द रहता है तो तुरंत डायबिटीज का चेकअप करवाएं। डायबिटीज के कारण शरीर में इंसुलिन बनना बंद हो जाता है, जिससे आपको सिरदर्द की शिकायत हो जाती है।

**4. बेवजह थकान होना**
डायबिटीज के कारण खून में शुगर लेवल बढ़ जाता है और इंसुलिन बनना भी बंद हो जाता है। इसके कारण आपको हर समय थकान की शिकायत होने लगती है इसलिए ऐसा लक्षण दिखने पर तुरंत चेकअप करवाएं।

**5. धुंधला दिखाई देना**
टाइप 1 डायबिटीज में महिलाओं को कम और कभी-कभी घुंधला दिखाई देने लगता है। इतना ही नहीं, इसके कारण महिलाओं में रेटिनोपैथी नाम की बीमारी का खतरा भी बढ़ जाता है, जिसके कारण अंधापन भी हो सकता है।

**6. स्किन प्रॉब्लम**
स्किन में रैशेज, खुजली, जलन और दानें निकलना भी डायबिटीज के संकेत हो सकते हैं। डायबिटीज में संक्रमित बीमारियों और स्किन प्रॉब्लम्स आदि भी होने लगती है।

**7. शारीरिक क्षमता में कमी**
रक्त में शर्करा की मात्रा दिन में लंबे समय तक अधिक बनी रहे, तो शरीर ऊर्जा के लिए वसा का ज्यादा इस्तेमाल करने लगता है। इससे आपको थकावट के साथ मानसिक और शारीरिक थकान भी महसूस होने लगती है।

**8. वजन कम होना**
वैसे तो वजन कम होना का लक्षण टाइप 1 डायबिटीक महिलाओं में अधिक देखा जाता है। मगर लंबे समय तक टाइप 2 डायबिटीज का इलाज न करवाया जाए तो उन्हें भी वजन घटने की शिकायत का सामना करना पड़ सकता है।


Happy
BIRTHDAY
FAHIM BATLIWALA
Director - SIMCA ADVERTISING
SIMCA
ADVERTISING